जागरण

www.jagran.com June 19,2017

राष्ट्रपति चुनाव # ममता बनर्जी # किसान आंदोलन # मानसून # पॉजिटिव न्यूज # जागरण स्पेशल

हिमाचल प्रदेश ▸ शिमला • मंडी • बिलासपुर • ऊना • चंबा

मोदी फेस्ट में बताई केंद्र की उपलब्धियां

Publish Date:Sat, 17 Jun 2017 01:00 AM (IST) | Updated Date:Sat, 17 Jun 2017 01:00 AM (IST)

संवाद सहयोगी, चंबा : चंबा के ऐतिहासिक चौगान में शुक्रवार को मोदी फेस्ट का आगाज हुआ। फेस्ट के दौरान सदर विधायक बीके चौहान बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इसके उपरांत कलाकारों ने कार्यक्रम में गीतों से लोगों का मनोरंजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया गया। फेस्ट में केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में अलग-अलग स्टॉल लगाए गए हैं, इनमें महिला सशक्तीकरण, कृषि योजना, डिजिटल इंडिया, कौशल विकास योजना, आ¡थक विकास योजना के स्टाल प्रमुख हैं। सदर विधायक बीके चौहान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश का बहुत अधिक विकास हुआ है।

संवाद सहयोगी, चंबा : चंबा के ऐतिहासिक चौगान में शुक्रवार को मोदी फेस्ट का आगाज हुआ। फेस्ट के दौरान स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में सर्जिकल स्ट्राइक और नोटबंदी जैसे ऐतिहासिक फैसले भी लिए हैं। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद जहां पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की कोशिशों को विराम लगा है तो वहीं नोटबंदी से भारत भ्रष्टाचार मुक्त हुआ है। साथ ही छुपा हुआ काला धन बैंकों में आने से देश का आ¡थक सुधार भी हुआ है। जनधन योजना के तहत 28 करोड़ से भी अधिक बैंक अकाउंट खोले गए हैं। 13 करोड़ लोग समाजिक सुरक्षा के दायरे में आए हैं। वहीं सात करोड़ लोगों को मुद्रा ऋण भी उपलब्ध करवाए गए हैं।

बीते तीन वर्षों में उन्होंने बिजली से वंचित करीब 18,456 गांवों में से 13,500 गांवों तक बिजली पहुंचाई है। वहीं गांवों के विकास के लिए तीन वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख बीस हजार किलोमीटर सड़कें बनवाई हैं। देशभर के लाखों श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 42 फीसद बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ते हुए नोटबंदी के बाद दो करोड़ से भी अधिक लोग भीम एप से जुड़े हैं। उज्जवल योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को दो करोड़ से भी अधिक रसोई गैस कनेक्शन बांटे गए हैं। प्रधानमंत्री ने जीएसटी, मेक इन इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं से देश को एक नई दिशा दी है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डीएस ठाकुर, जय ¨सह, जसबीर नागपाल सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

By **Jagran**